भारत के नौजवानों

कुमार संदीप

हे! भारत के नौजवानों

हे! भारत के नौजवानों
खुद का हुनर पहचानों
अपने कर्म से
करो धरा को उर्वरा
तुम तपो
सूर्य की तरह
एक दिन निखर जाओगे

हे! भारत के नौजवानों
एक लक्ष्य तुम बनाओ
लक्ष्य प्राप्ति हेतु
संकल्प लो
जब तक न मंजिल मिले
हार कर मत बैठो तुम

हे! भारत के नौजवानों
अपनी कमी तुम पहचानो
कमी दूर कर करो
खुद को निर्मल
सरल स्वभाव बनाओ,
मधुर स्वर में बोलो

हे! भारत के नौजवानों
तुम भी इतिहास रचो
देश के भविष्य हो तुम
वर्तमान की कीमत पहचानो

हे! भारत के नौजवानों
समय की कीमत पहचानो
एक बार जो
खो दिया समय को
खुद का अस्तित्व खो बैठोगे

हे! भारत के नौजवानों
नारी का सम्मान करो
नारी देवी है,
नारी जीवनदायिनी है
इस बात को मत भूलना तुम

हे! भारत के नौजवानों
सफलता मिलेगी निश्चित ही
आलस, लोभ, अहम् को त्यागो
कड़ी मेहनत करने की ठानों

हे! भारत के नौजवानों
ईर्ष्या कभी
किसी से न करना
ईर्ष्या बहुत बुरी है,
तुझ से तेरा चैन-ओ सुकून
छीन लेगी
इससे बचकर रहना तुम

हे! भारत के नौजवानों
माता-पिता और गुरु के
उपकारों को
कभी मत भूलना तुम
ईश्वर समान हैं माता-पिता
गुरु स्मरण रखना तुम

हे! भारत के नौजवानों
सुर्य की भांति
प्रकाशमान बनोगे तभी
जब सूर्य की तरह जलना सीखोगे
तकलीफ़ दर्द में तपो
एक दिन सूर्य की तरह
प्रकाशमान बनोगे

शहर-मुजफ्फरपुर ग्राम-सिमरा
राज्य-बिहार